# परमेश्वर से क्षमा प्राप्त

GOSPEL 316

***"क्या ही धन्य है वह जिसका अपराध क्षमा किया गया, और जिसका पाप ढाँपा गया हो। भजन"* संहिता 32:1**

हम जो गलत बातें करते हैं (बाइबल के अनुसार जो पाप कहलाती हैं) वे हमें परमेश्वर से अलग कर देती हैं। परमेश्वर के साथ सही सम्बन्ध में आने के लिए ... अनन्तकाल के लिए तैयार होने के लिए, हमें परमेश्वर से क्षमा प्राप्त करने की आवश्यकता है। बाइबल के अनुसार क्षमा यह नहीं है कि परमेश्वर यह कह देगा कि वह उन पापों की अनदेखी कर देगा और उन पापों के अनन्तकालीन दण्ड को एक किनारे कर देगा। नहीं, उस दण्ड को चुकाया जाना है। शुभ सन्देश (सुसमाचार) यह है कि यीशु [निष्पाप परमेश्वर-मनुष्य] ने उस दण्ड को आप के लिए क्रूस पर मरने के द्वारा अपने लहू से चुका दिया। एक प्रकार से, उसने आप का स्थान ले लिया। यीशु आप के स्थान पर बलिदान हो गया। लेकिन इतना काफी नहीं है। उस कीमत के चुकाए जाने को आप पर लागू किया जाना भी अनिवार्य है ... उसे आप के लेखे में लिखा जाना है। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि, ऐसा कैसे होता है? यह तब होता है, जब आप मन-फिराते (पाप से परमेश्वर की ओर मुड़ना) हैं और यीशु में विश्वास करते हैं। और तब, केवल तब ही, आप परमेश्वर से क्षमा प्राप्त करते हैं।

## *हमारी समस्या ... अलग हुए*

*"इसलिये कि सब ने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित है।"* रोमियों 3:23

*"परन्तु तुम्हारे अधर्म के कामों ने तुम को तुम्हारे परमेश्वर से अलग कर दिया है, और तुम्हारे पापों के कारण उसका मुख तुम से ऐसा छिपा है कि वह नहीं सुनता।"* यशायाह 59:2

*"और जो परमेश्वर को नहीं पहचानते और हमारे प्रभु यीशु के सुसमाचार को नहीं मानते उनसे पलटा लेगा। वे प्रभु के सामने से और उसकी शक्ति के तेज से दूर होकर अनन्त विनाश का दण्ड पाएँगे।"* 2 थिस्सलुनीकियों 1:8-9

*"क्योंकि पाप की मजदूरी तो मृत्यु है, परन्तु परमेश्वर का वरदान हमारे प्रभु मसीह यीशु में अनन्त जीवन है।"* रोमियों 6:23

*"क्योंकि जब हम निर्बल ही थे, तो मसीह ठीक समय पर भक्तिहीनों के लिये मरा।"* रोमियों 5:6

## *परमेश्वर का समाधान ... विकल्प*

*"क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नष्ट न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए।"* यूहन्ना 3:16

*"प्रेम इस में नहीं कि हम ने परमेश्वर से प्रेम किया, पर इस में है कि उसने हम से प्रेम किया और हमारे पापों के प्रायश्चित के लिये अपने पुत्र को भेजा।"* 1 यूहन्ना 4:10

*"परन्तु परमेश्वर हम पर अपने प्रेम की भलाई इस रीति से प्रगट करता है कि जब हम पापी ही थे तभी मसीह हमारे लिये मरा।"* रोमियों 5:8

*"वह आप ही हमारे पापों को अपनी देह पर लिये हुए क्रूस पर चढ़ गया, जिससे हम पापों के लिये मरकर धार्मिकता के लिये जीवन बिताएँ।"* 1 पतरस 2:24

*"परन्तु जितनों ने उसे [यीशु को] ग्रहण किया, उसने उन्हें परमेश्वर की सन्तान होने का अधिकार दिया, अर्थात् उन्हें जो उसके नाम पर विश्वास रखते हैं।"* यूहन्ना 1:12

## *क्षमा के लिए मार्ग ... यीशु में विश्वास करना है*

*"उसकी [यीशु], सब भविष्यद्वक्ता गवाही देते हैं कि जो कोई उस पर विश्वास करेगा, उसको उसके नाम के द्वारा पापों की क्षमा मिलेगी"* प्रेरितों 10:43। *"क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है; और यह तुम्हारी ओर से नहीं, वरन् परमेश्वर का दान है, और न कर्मों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे"* इफिसियों 2:8-9। आप मन-फिराने के द्वारा यीशु में (केवल यीशु के बारे में विश्वास करना नहीं) विश्वास कर सकते हैं ... अर्थात, विश्वास करते हुए यीशु की ओर मुड़ सकते हैं। यह प्रार्थना आप के लिए यह करने का एक मार्ग है। यह कोई शपथ लेना या मंत्र बोलना नहीं है। यदि यह आप के मन की वास्तविक लालसा हो केवल तब ही इस प्रार्थना को करें।

**प्रिय परमेश्वर,**
**मैं अपनी आवश्यकता को मानता हूँ ... मैं पापी हूँ।**
**मैं मन फिराता हूँ ... मैं अपने पाप से आप की ओर फिरता हूँ।**
**मैं यीशु में विश्वास करता हूँ ... कि परमेश्वर होने पर भी वह मेरे लिए क्रूस पर मरा।**
**मैं उसे अपना उद्धारकर्ता होने के लिए निमंत्रण देता हूँ।**
**आमीन**

यीशु ने आपके पापों का दण्ड चुका दिया है। और यीशु पर विश्वास करने से, उसके द्वारा चुकाया गया, आप के द्वारा चुकाया गया हो गया है।
परमेश्वर ने आपको क्षमा माफ कर दिया है। और यीशु ने कहा कि आप अनंत काल तक सुरक्षित हो, यूहन्ना 3:16।

HINDI ***"क्या ही धन्य है वह जिसका अपराध क्षमा किया गया, और जिसका पाप ढाँपा गया हो भजन।"* संहिता 32:1**

*परमेश्वर से क्षमा प्राप्त* के मुफ्त पीडीएफ अनेकों भाषाओं में Gospel316.org से उपलब्ध हैं।

**यदि आप ने सच्चे मन से यह प्रार्थना की है,** तो आप ने परमेश्वर से क्षमा प्राप्त कर ली है और आप उसके साथ अनन्तकाल के लिए सुरक्षित हैं। यीशु के बलिदान की मृत्यु ने आप को क्षमा प्रदान की है। परमेश्वर ने यह वायदा किया है कि अब आप वर्तमान से अनन्त जीवन के अधिकारी हैं ... और अब आप न्याय के लिए खड़े नहीं होंगे ... और आप मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुके हैं, यूहन्ना 5:24। आप सुरक्षित हैं, क्योंकि कोई भी आप को उसके सर्व-सामर्थी हाथों से छीन नहीं सकता है। आपने उसे नहीं थामा हुआ है, वरन् उसने आप को थामा हुआ है। यीशु ने कहा, *"और मैं उन्हें अनन्त जीवन देता हूँ। वे कभी नष्ट न होंगे, और कोई उन्हें मेरे हाथ से छीन न लेगा। मेरा पिता, जिसने उन्हें मुझ को दिया है, सबसे बड़ा है और कोई उन्हें पिता के हाथ से छीन नहीं सकता"* यूहन्ना 10:28-29।

**यदि आप यह प्रार्थना करने के लिए तैयार नहीं हैं,** तो इसे अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बना लीजिए। आप के निर्णय का अनन्तकाल के लिए महत्त्व और परिणाम हैं। कब्र के बाद फिर कोई दूसरा अवसर नहीं है, *"और जैसे मनुष्यों के लिये एक बार मरना और उसके बाद न्याय का होना नियुक्त है,"* इब्रानियों 9:27। यदि आप के पास कुछ अनुत्तरित प्रश्न हैं, जो आप के निर्णय लेने में बाधा हैं, तो जिस व्यक्ति ने आप को यह पर्चा दिया है, उससे बात कीजिए।

## उदाहरण और परिभाषाएँ

**क्षमा।**
क्षमा। बाइबल के अनुसार क्षमा हमारे पापों के दण्ड के चुकाए जाने की माँग करती है। पाप का दण्ड परमेश्वर से अनन्तकाल के लिए अलग हो जाना है। बाइबल के अनुसार क्षमा आप के पाप और उसके दण्ड को यीशु पर स्थानान्तरित किया जाना है। परमेश्वर ने हमारे पाप और उसके दण्ड को निष्पाप यीशु को दे दिया। और फिर परमेश्वर ने अपनी धार्मिकता हमें दे दी। यह ऐसा है, मानो स्वर्ग में दो पुस्तकें हैं। पहली आप के लेखे-जोखे की पुस्तक, जिस में आप ने कभी भी जो भी गलत किया है, उसके लिए एक चिह्न लगा है। उसके पृष्ठ इन चिह्नों से भरे पड़े हैं। बाइबल यह स्पष्ट बताती है कि कुछ बातें जो हम करते हैं, वे पाप हैं (किये गए कार्यों के पाप) और कुछ ऐसी बातें हैं, जिन्हें न करने के कारण वे पाप हैं (चूक जाने के पाप)। कुछ विचार भी पापमय हो सकते हैं। यदि दिन में तीन पाप भी किये जाएँ तो यह प्रति वर्ष 1000 पाप हो जाते हैं। जीवन की अवधि में यह बहुत ढेर सारे पाप हो जाते हैं। दूसरी पुस्तक निष्पाप यीशु का लेखा-जोखा है। उसके पृष्ठ स्वच्छ और बेदाग़ हैं। जब आप यीशु पर विश्वास करते हैं, तो यह ऐसे है, मानों दोनों पुस्तकों की बाहरी जिल्द में अदला-बदली कर दी गई। तब जिस लेखे-जोखे की पुस्तक पर आप का नाम है, वह बिल्कुल स्वच्छ है। आप के पाप और उनके दण्ड जाते रहे हैं।

**एक वास्तविक समाधान।**
यीशु ने कहा, *"यीशु ने उससे कहा, मार्ग और सत्य और जीवन मैं ही हूँ; बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुँच सकता"* यूहन्ना 14:6। पाप के कारण परमेश्वर से हमारे अलग होने का बाइबल का समाधान अनुपम है। अन्य धर्म यह चाहते हैं कि हम अनन्तकाल का सामना इस आशा के साथ करें कि जो भी ईश्वर होगा वह हमारे पापों की अनदेखी कर देगा। यीशु का तरीका अनुपम है, क्योंकि उस में हमारे पाप क्षमा कर दिए जाते हैं ... हमें धो कर स्वच्छ कर दिया जाता है। तब हम पापों के मिटाए जाने के साथ, क्योंकि वे यीशु पर स्थानान्तरित कर दिए गए हैं, परमेश्वर के सामने आते हैं। प्रेरित पौलुस ने कहा *"किसी दूसरे के द्वारा उद्धार नहीं; क्योंकि स्वर्ग के नीचे मनुष्यों में और कोई दूसरा नाम नहीं दिया गया, जिसके द्वारा हम उद्धार पा सकें"* प्रेरितों के काम 4:12। प्रेरित पौलुस ने लिखा, *"क्योंकि परमेश्वर एक ही है, और परमेश्वर और मनुष्यों के बीच में भी एक ही बिचवई है, अर्थात् मसीह यीशु जो मनुष्य है। जिसने अपने आप को सब के छुटकारे के दाम में दे दिया, और उसकी गवाही ठीक समय पर दी गई"* 1 तीमुथियुस 2:5-6। यीशु का तरीका ही वास्तविक समाधान है।

**यीशु में विश्वास करना।**
यीशु में विश्वास करना, यीशु *के बारे में* विश्वास करने से भिन्न है। कल्पना कीजिए कि आप एक वायुयान में बैठे हुए पहाड़ों के बहुत ऊपर यात्रा कर रहे हैं, तभी अचानक ही उसके इंजन बन्द हो जाते हैं। वायुयान टकराने और आग लगने की ओर नीचे गिर रहा है। वायुयान का चालक सभी से कहता है कि वे पैराशूट बाँध लें और खुले हुए दरवाज़े से वायुयान से बाहर निकल जाएँ। आप पैराशूट्स के बारे में जानते हैं। आप ने उन्हें टीवी पर देखा है। लेकिन अब स्थिति भिन्न है। उस वायुयान के दरवाज़े से बाहर निकलने के लिए एक पैराशूट *के बारे में विश्वास करने* से कहीं अधिक की आवश्यकता है ... अब पैराशूट *में विश्वास करने* की आवश्यकता है। और किसी पथिक का पिट्ठू यहाँ काम नहीं करेगा। आप के बच पाने के लिए आपको सही पैराशूट की आवश्यकता है ... उसके बिना बाहर निकलने का अर्थ है, निश्चित मृत्यु। पैराशूट के साथ बाहर निकलना विश्वास की 100% प्रतिबद्धता की माँग करता है। आपके पास कुछ सन्देह हो सकते हैं ... किन्तु जान बचाने के लिए पैराशूट में पूर्ण विश्वास करने की आवश्यकता है। यीशु एकमात्र अनन्तकाल का पैराशूट है। विश्वास के साथ कदम बढ़ाइए। उस में विश्वास कीजिए!

**छपाई के लिए निर्देश।** सुझाव है कि एक ही पृष्ठ के दोनों ओर छापा जाए। छपाई चाहे रंगीन या काले-सफ़ेद में हो सकती है।

*परमेश्वर से क्षमा प्राप्त* © 2024 www.Gospel316.org से एक्ट्स वन ऐट के द्वारा प्रकाशित किया गया है। आप इसके सन्देश में बिना कोई परिवर्तन किए, इस पूर्ण कथन के साथ, निःशुल्क इसकी प्रतिलिपि बना सकते हैं, इसे किसी को भेज सकते हैं। आप चाहें तो इसमें अपनी सेवकाई या चर्च का नाम अथवा लोगो को भी लगा सकते हैं। एक्ट्स वन ऐट केवल बाइबल पर आधारित है। इसके अस्तित्व का उद्देश्य लोगों को यीशु मसीह में विश्वास में लाना और फिर उन्हें उसके शिष्य होने के लिए विकसित करना है। गैर-अंग्रेज़ी भाषाओं में अनुवाद www.ChristianLingua.com। के द्वारा उपलब्ध करवाया गया है। मूल अंग्रेज़ी संस्करण में बाइबल की आयतें न्यू अमेरिकन स्टैण्डर्ड वर्ज़न (NASB) से ली गई हैं। इस संस्करण में बाइबल की आयतें "हिंदी ओवी (पुनः संपादित) बाइबिल (बीएसआई)"। से ली गई हैं।